Regarding problem faced by pilgrims in National Forest Area

श्री कुलदीप राय शर्मा **(**अंडमान और निकोबार द्वीप समूह)**:** महोदय, मेरे क्षेत्र में दिगलीपुर तहसील है । यहां सैडल पीक नेशनल पार्क है और वहां एक लामिया बे बीच है । इस बीच पर हजारों शिव भक्त अप्रैल के महीने में यहां से जल लेकर 50 किलोमीटर दूर शिवपुरी में एक मंदिर में जाते हैं । लोग साल में एक बार नेशनल पार्क से वहां जाते हैं और वहां शिवलिंग की स्थापना करते हैं । दुख की बात यह है कि फारेस्ट विभाग हर साल उस शिवलिंग को तोड़ देता है । मेरी आपके द्वारा अंडमान-निकोबार एडमिनिस्ट्रेशन से डिमांड है कि नेशनल पार्क में एक शिवलिंग की स्थापना करने की परमिशन दी जाए, ताकि श्रद्धालु भक्त एक दिन शांति से एक दिन पूजा करके वहां से जल ले जा सकें ।

माननीय सभापति **:** आप एक मिनट में बात समाप्त कीजिए और एक ही विषय रखें । Only one subject please. There should not be any charter of demands.